**Need to establish a Kendriya Vidyalaya at Karanjia in Mayurbhanj district, Odisha.-laid**

श्री अनन्त नायक **(**क्योंझर**) :** मैं माननीय शिक्षा मंत्री का ध्यान ओडिशा के मयूरभंज जिले के करंजिया विधान सभा में केंद्रीय विद्यालय (KV) की स्थापना की लंबे समय से लंबित मांग की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । करंजिया एक जनजातीय बहुल क्षेत्र है, जिसकी जनसंख्या 2 लाख से अधिक है, लेकिन यहाँ एक भी केंद्रीय विद्यालय नहीं है । वर्तमान में, सबसे नजदीकी केवी (KV) केवल क्योंझर और बारिपदा में हैं, जो 130 km से अधिक दूर हैं । इस कारण से आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण सीबीएसई (CBSE) शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है । भौगोलिक और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, करंजिया में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से हजारों छात्रों को सुलभ और किफायती शिक्षा मिलेगी और जनजातीय सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा । मैं सरकार से करंजिया में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध करता हूँ ताकि यहाँ के लोगों की आकांक्षाएँ पूरी हो सकें ।